प्रेस नोट दिनाँक 25.10.2024
थाना- मीरगंज जनपद बरेली।

थाना मीरगंज #bareillyPolice द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को 900 ग्राम अफीम (अनुमानित अन्तराष्ट्रीय कीमत लगभग 1.5 लाख रुपये), 1570/- रूपये नगद व 02 मोबाइल सहित किया गिरफ्तार।

थाना प्रभारी मीरंगज द्वारा मय टीम के दिनांक 24/25.10.2024 की रात्रि में दौराने चैकिंग व्यक्ति/वाहन व मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1. पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र स्व रविन्द्र सिंह निवासी ग्राम गढिया रंगीन थाना गढिया रंगीन तहसील तिलहर जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 30 वर्ष 2. धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 गंगाराम निवासी पुरानी पुलिस लाईन के बराबर गली मे थाना कोतवाली जिला बरेली उम्र करीब 42 वर्ष को थाना मीरगंज क्षेत्रांतर्गत ओवर ब्रिज के पार लभारी की ओर मछली तालाब जाने वाले मार्ग हाईवे के किनारे से कुल 900 ग्राम अफीम (अनुमानित अन्तराष्ट्रीय कीमत 1.5 लाख रुपये) व जामा तलाशी 1570/- रूपये नगद व 02 मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम अपनी रोजी रोटी चलाने के लिए अफीम तथा अन्य नशीले पदार्थो का काम करते हैं । हमारे पास से जो रात में अफीम बरामद हुई है, हमें सैटेलाइट बरेली पर एक व्यक्ति ने दी थी, जिनका नाम व पता हम नहीं जानते हैं और इसे हम आज मुरादाबाद में एक अज्ञात को बेचने के लिये जा रहे थे कि आपने पकड़ लिया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना मीरगंज पर मु0अ0सं0 624/24 धारा 8/18 NDPS ACT पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तों नाम/पता –

1. पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र स्व रविन्द्र सिंह निवासी ग्राम गढिया रंगीन थाना गढिया रंगीन तहसील तिलहर जनपद शाहजहापुर उम्र करीब 30 वर्ष ।
2. धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 गंगाराम निवासी पुरानी पुलिस लाईन के बराबर गली मे थाना कोतवाली जिला बरेली उम्र करीब 42 वर्ष ।

अभियुक्त की गिरफ्तारी का दिनाँक व समय व स्थान –

मीरगंज ओवर ब्रिज के पार लभारी की ओर मछली तालाब जाने वाले मार्ग हाईवे के किनारे मीरंगज क्षेत्र से दिनाँक 25.10.2024 समय 02.35 बजे ।

बरामदगी -

1. कुल 900 ग्राम अफीम (अनुमानित अन्तराष्ट्रीय कीमत 1.5 लाख रुपये) ।
2. कुल 1570 /- रुपये नगद ।
3. दो अदद मोबाईल ।

पुलिस टीम -

1. श्री सिद्धार्थ सिंह तोमर प्रभारी निरीक्षक मीरगंज, बरेली ।
2. उ0नि0 श्री संजीव कुमार शर्मा थाना मीरगंज, बरेली ।
3. उ0नि0 श्री यतेन्द्र सिंह थाना मीरगंज, बरेली ।
4. का0 2867 रजत मलिक का0 3267 सोनू थाना मीरगंज, बरेली ।